हिमालयन वन अनुसन्धान संस्थान, शिमला में हिंदी पखवाड़े का आयोजन

हिमालयन वन अनुसन्धान संस्थान, शिमला में दिनांक 14 से 28 सितम्बर 2016 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया । इस आयोजन के दौरान राष्ट्र भाषा हिंदी के प्रचार एवं प्रसार हेतु संस्थान द्वारा विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें मुख्य रूप से प्रश्न-मंच, निबंध-लेखन, नारा-लेखन, कंप्यूटर पर हिंदी टंकण तथा कविता-पाठ इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि **डॉ. वी. पी. तिवारी**, निदेशक, हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला ने अपने संबोधन में कहा कि 14 सितम्बर 1949 को सविंधान सभा द्वारा हिन्दी को राजभाषा का दर्जा दिया गया । सरकार राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है । संस्थान द्वारा हिंदी पखवाड़े का आयोजन भी इसका एक हिस्सा है। डॉ. तिवारी ने कहा कि स्वंत्रता आन्दोलन से लेकर आज तक हिंदी ने अनेक महत्वपूर्ण पड़ाव पार किए है। हिंदी जन आन्दोलनों की भाषा रही है । यह हमारे पारंपरिक ज्ञान, प्राचीन सभ्यता और आधुनिक प्रगति के बीच की एक कड़ी भी है । आधुनिक युग में हिंदी ने अपने महत्व, उपयोगिता और लोकप्रियता के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशेष पहचान बनाई है । उन्होंने संस्थान के वैज्ञानिकों से समस्त कार्यों में हिंदी भाषा का अधिकाधिक प्रयोग करने का आहवान किया ताकि ग्रामीण जनता की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके और वे लाभान्वित हों ।

हिंदी पखवाड़े के समापन समारोह पर, संस्थान के हिंदी अधिकारी, **श्री प्रदीप भारद्वाज** ने कहा कि भारत में अनेक भाषाएँ बोली जाती हैं ।हिन्दी, भारत की मुख्य भाषा है, क्योंकि यह सभी भाषाओँ के बीच संपर्क भाषा है और यह हमारी सामाजिक व सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। राजभाषा हिन्दी सभी भारतवासियों को एक सूत्र से जोडती है । संस्थान द्वारा की जा रही अनुसंधान गतिविधियों को जनता तक पहुँचाने में हिंदी भाषा का महत्वपूर्ण योगदान है । इस अवसर पर श्री भारद्वाज ने सरकारी काम-काज में हिंदी के प्रयोग एवं इसके प्रचार व प्रसार की दिशा में संस्थान द्वारा किये जा रहे प्रयासों का प्रगति विवरण प्रस्तुत किया तथा सरकारी कार्यालयों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही पुरस्कार योजनाओं की जानकारी भी दी ।

समापन समारोह के अवसर पर कविता पाठ का आयोजन किया गया तथा संस्थान द्वारा हिंदी पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को डॉ. वी. पी. तिवारी द्वारा पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम के अंत में हिंदी अधिकारी, **श्री प्रदीप भारद्वाज** ने संस्थान द्वारा हिंदी पखवाड़ा आयोजन के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को बधाई दी तथा समापन समारोह में उपस्थित सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों का धन्यवाद किया।

हिंदी पखवाड़े के दौरान प्रतियोगिताओं का परिणाम

प्रतियोगिता का नाम	**प्रतियोगी का नाम**	**स्थान**
प्रश्न मंच	1. प्रवीन कुमार, अवर श्रेणी लिपिक रोहित कुमार, अवर श्रेणी लिपिक	प्रथम
	2. दुष्यंत कुमार, अनुसन्धान सहायक श्याम सुंदर, तकनीकी सहायक	द्वितीय
	3. गुलेर सिंह, अवर श्रेणी लिपिक कृष्ण देव, अवर श्रेणी लिपिक	तृतीय
निबंध लेखन	1. कुमारी शबनम, तकनीकी सहायक	प्रथम
	2. प्रवीण कुमार, अवर श्रेणी लिपिक	द्वितीय
	3. गुलेर सिंह, अवर श्रेणी लिपिक	तृतीय
नारा लेखन	1. कुमारी शबनम, परियोजना सहायक	प्रथम
	2. श्रीमती सोनिका शर्मा, तकनीकी सहायक	द्वितीय
	3. कुमारी प्रीती कौशल, परियोजना सहायक	तृतीय
कविता पाठ	1. श्री पंकज कुमार, परियोजना सहायक	प्रथम
	2. प्रवीन कुमार, अवर श्रेणी लिपिक	द्वितीय
	3. कुमारी शबनम, परियोजना सहायक	तृतीय
कंप्यूटर पर हिंदी टंकण	1. रोहित कुमार, अवर श्रेणी लिपिक	प्रथम
	2. गुलेर सिंह, अवर श्रेणी लिपिक	द्वितीय
	3. कृष्ण देव, अवर श्रेणी लिपिक	तृतीय

हिंदी पखवाड़े के समापन समारोह की झलकियाँ

कविता-पाठ प्रतियोगिता

प्रश्न मंच प्रतियोगिता

नारा लेखन प्रतियोगिता

पुरस्कार वितरण